# माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर

(पुँवारका, सहारनपुर, उ0प्र0 पिन–247120)

Website-msuniversity.ac.in Email – registrar@msuniversity.ac.in

पत्रांक : / /एके0/MSU/2022-23 दिनांक :– 19.07.2022

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या/सचिव/निदेशक,
सम्बद्ध समस्त राजकीय/वित्तपोषित/स्ववित्तपोषित महाविद्यालय/संस्थान,
माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर।

**विषय :–"आजादी का अमृत महोत्सव" की श्रृंखला के अन्तर्गत काकोरी ट्रेन एक्शन–डे कार्यक्रम का आयोजन किये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय/महोदया,

अधोहस्ताक्षरी के पत्रांक 953/10/एके0/एम0एस0यू0/2021–22 दिनांक 14.07.2022 में संलग्न कार्ययोजना/वार्षिक कैलेण्डर में दिनांक 09.08.2022 को काकोरी ट्रेन एक्शन–डे कार्यक्रम को भी सम्मिलित करते हुए संलग्न उ0प्र0 शासन के पत्र संख्या–1894/सत्तर–3–2022 उच्च शिक्षा अनुभाग–3 लखनऊ दिनांक 13 जुलाई, 2022 के अनुरूप कार्यक्रम आयोजित कराना सुनिश्चित करें।

उक्त कार्यक्रम की सूचना विश्वविद्यालय की ई–मेल आई0डी0 registrar@msuniversity.ac.in पर प्रेषित करें तथा उत्तर प्रदेश उच्च शिक्षा निदेशालय, प्रयागराज की अधिकारिक वेबसाईट http://uphed.gov.in/HigherEduDirectorate/DefaultDir.aspx पर Login-Azadi ka Amrit Mahotsav Password – High@1234 पर अपलोड करने का कष्ट करें।

सधन्यवाद,

संलग्नक – उ0प्र0 शासन का पत्र दिनांक 13.07 2022

भवदीय

(डॉ0 विनोद कुमार)
समन्वयक, शैक्षणिक
माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय
सहारनपुर

**शीर्ष प्राथमिकता/समयबद्ध**
**संख्या–1894/सत्तर–3–2022**

**प्रेषक,**

मोनिका एस0 गर्ग,
अपर मुख्य सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

**सेवा में,**

1. **कुलपति,**
समस्त राज्य/निजी विश्वविद्यालय,
उ0प्र0।

2. **निदेशक ,**
उच्च शिक्षा,
उ0प्र0, प्रयागराज।

उच्च शिक्षा अनुभाग–3 लखनऊ : दिनांक 13 जुलाई, 2022

**विषयः–"आजादी का अमृत महोत्सव" की श्रृंखला के अन्तर्गत काकोरी ट्रेन एक्शन–डे कार्यक्रम का आयोजन किये जाने के सम्बन्ध में।**

**महोदय,**

उपर्युक्त विषयक शासन के पत्र संख्या–930/सत्तर–3–2022, दिनांक 07 अप्रैल, 2022 का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से "आजादी के अमृत महोत्सव" की श्रृंखला में अप्रैल, 2022 से अगस्त 2023 तक की सुझावात्मक कार्य–योजना/वार्षिक कैलेण्डर संलग्न कर प्रेषित करते हुए आजादी की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर उच्च शिक्षण संस्थानों में कार्य–योजना की उल्लिखित तिथियों में निर्धारित थीम के अनुरूप चर्चा–परिचर्चा, विचार गोष्ठी, सेमिनार, सांस्कृतिक कार्यक्रम, क्विज प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता, फोटो गैलरी, नाट्य मंचन, नुक्कड़ नाटक, चलचित्र, जागरूकता अभियान, योग शिविर, प्रभात फेरी, रैली, सद्भावना दौड़ तथा खेलकूद प्रतियोगिता आदि कार्यक्रमों का आयोजित किये जाने के निर्देश दिये गये हैं।

2– उक्त के अनुक्रम में "आजादी के अमृत महोत्सव" की श्रृखला के अन्तर्गत दिनांक 09.08.2022 को काकोरी शहीद स्मारक, लखनऊ तथा प्रदेश के समस्त जनपदों में काकोरी ट्रेन एक्शन–डे कार्यक्रम भी आयोजित किये जायेंगे। उक्त कार्यक्रम का विवरण निम्नवत् है:–

**काकोरी ट्रेन एक्शन–डे कार्यक्रम दिनांक 09 अगस्त, 2022 काकोरी शहीद स्मारक लखनऊ एवं प्रदेश के समस्त जनपदों में**

- मूर्तिकला/चित्रकला शिविर का आयोजन किया जायेगा।
- राष्ट्रभक्ति आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम (किस्सागोई, रागिनी आल्हा गायन)
- निबन्ध लेखन/स्लोगन लेखन/ वाद–विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा।
- सभी शिक्षण संस्थानों में वृहद स्वच्छता अभियान चलाया जायेगा।

3– इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया उपरोक्तानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करते हुए कार्यक्रम उच्च शिक्षा निदेशालय, उ0प्र0 प्रयागराज की आधिकारिक वेबसाइट http://uphed.gov.in/ HigherEduDirectorate/DefaultDir.aspx पर Login- Azadi ka Amrit Mahotsav Password- High@1234 पर अपलोड करते हुए शासन को सूचना उपलब्ध करायेगें।

भवदीया,
13/7
( मोनिका एस0 गर्ग )
अपर मुख्य सचिव।

संख्या– 1894 (1) / सत्तर–3–2022, तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1–निजी सचिव, मा0मंत्री, उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0।

2–निजी सचिव, मा0 राज्यमंत्री, उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0।

3–श्री कुमार हर्ष, विशेष सचिव, मा0 मुख्यमंत्री, उ0प्र0 शासन।

4–स्टाफ आफिसर, मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन।

5–प्रमुख सचिव, संस्कृति विभाग, उ0प्र0 शासन।

6–समस्त मण्डलायुक्त, उ0प्र0।

7–समस्त जिलाधिकारी, उ0प्र0।

8–समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, उ0प्र0।

9–विशेष कार्यकारी अधिकारी एवं जनसम्पर्क अधिकारी, राष्ट्रीय सेवा योजना कोष्ठक, उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन।

10–संस्कृति अनुभाग–1, उ0प्र0 शासन।

11–गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

( **गिरिजेश कुमार त्यागी** )
विशेष सचिव।